# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2024

**स्रोत: पी.आई.बी.**

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस, **2024** के अवसर पर नई दिल्ली में "**73वें संवैधानिक संशोधन** के तीन दशकों के बाद ज़मीनी स्तर पर शासन" विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया।

- यह आयोजन ग्रामीण परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने में उनके प्रयासों के लिये सर्वश्रेष्ठ पंचायतों को पुरस्कार से सम्मानित करेगा।
- भारत में **पंचायती राज मंत्रालय प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस** के रूप में मनाता है। **73वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992**, जिसने **पंचायती राज संस्थानों (PRI)** को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया और भारत में स्थानीय स्वशासन में सुधार किया, 24 अप्रैल के दिन ही इस संशोधन को लागू किया गया था।
- भारत की त्रिस्तरीय (ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और ज़िला परिषद) प्रशासनिक संरचना को पंचायती राज प्रणाली के रूप में जाना जाता है, इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ज़मीनी स्तर पर सुधार लाना है।
    - यह समावेशी विकास लक्ष्य प्राप्त करने और जलवायु परिवर्तन एवं ग्रामीण से शहरी प्रवासन जैसे मुद्दों के समाधान के लिये महत्त्वपूर्ण है

**और पढ़ें:** **राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-panchayati-raj-day-2024